बिहार ने 25 वर्षों के बाद स्वर्ण पदक जीता

चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड में आयोजित **38वें राष्ट्रीय खेल** 2025 में बिहार ने 25 वर्षों के बाद स्वर्ण पदक जीता।

मुख्य बिंदु

- 08 फरवरी, 2025 को उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 में बिहार की महिला खिलाड़ी **खुशबू कुमारी, नखित ख़ातून और पायल प्रीति** ने लॉन बॉल की ट्रिपल महिला स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- **बिहार ने 25 वर्षों के बाद राष्ट्रीय खेलों में यह स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।**
- फाइनल मुकाबले में, बिहार की टीम ने पश्चिम बंगाल को 15-14 के करीबी अंतर से हराया।
- 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 में **बिहार** 1 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक जीत के साथ **29वें स्थान पर रहा**।

38 वें राष्ट्रीय खेल

- 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 का आयोजन **28 जनवरी से 14 फरवरी, 2025** के मध्य उत्तराखंड में किया गया। इसका उद्घाटन देहरादून के **राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम** में हुआ।
- खेलों का शुभंकर **मौली था,** जो उत्तराखंड के राज्य पक्षी **मोनाल** से प्रेरित था।
- राष्ट्रीय खेलों में **32 खेल प्रतियोगिताएँ शामिल हुई**।
- **महाराष्ट्र ने** 54 स्वर्ण, 71 रजत और 76 कांस्य पदक के साथ **प्रथम स्थान प्राप्त किया**। जबकि हरियाणा 48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य पदक प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रहा।

39 वें राष्ट्रीय खेल

- **39वें राष्ट्रीय खेल** 2026 में **मेघालय** में आयोजित किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-won-the-gold-medal-after-25-years